समाचार

# मेयर इन काउंसिल ने दी विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन की उपस्थिति में सम्पन्न हुई एम.आई.सी. की बैठक)



कोरबा 01 जुलाई 2020 —नगर पालिक निगम कोरबा की मेयर इन काउंसिल की बैठक साकेत भवन में आयोजित की गई तथा एम.आई.सी.द्वारा निगम के विभिन्न कार्यो से संबंधित प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति एवं उनकी कार्यप्रगति की समीक्षा भी की गई।

महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन की उपस्थिति में आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर, श्री अमरजीत सिंह, श्री सुनील पटेल, श्री कृपाराम साहू, श्री प्रदीपराय जायसवाल, श्री पालूराम साहू, श्री मस्तुल सिंह कंवर, श्री फूलचंद सोनवानी, श्री सुखसागर निर्मलकर, श्रीमती सुनीता राठौर, श्रीमती सपना चौहान, श्री रोपा तिर्की के साथ—साथ निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, ए. के. शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, आर.के.चौबे, भूषण उरांव, आर.के.भोजासिया, एम.एन.सरकार, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, निगम सचिव पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, संजय तिवारी आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान निगम के जलप्रदाय संधारण व संचालन हेतु श्रमिक प्रदाय, हस्तपम्पों, पावर पम्पों के संधारण कार्य हेतु श्रमिक प्रदाय कार्य, नगर निगम क्षेत्र में सम्पत्तिकर निर्धारण सर्वेक्षण कार्य, वार्ड समितियों के गठन संबंधी प्रस्ताव, रथ यात्रा आयोजन संबंधी प्रस्ताव, भू अर्जन प्रकरण परीक्षण व प्रतिवेदन के साथ—साथ निगम के विभिन्न भवनों, दुकानों के लीज नवीनीकरण आदि से जुड़े प्रस्तावों सहित अन्य विभिन्न प्रस्तावों को निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए।